## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 26.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. झारखंड अधिविद्य परिषद ने 10वीं बोर्ड का जारी किया रिजल्ट, 91 दशमलव सात एक प्रतिशत विद्यार्थी हुए सफल, लड़कियों ने मारी बाजी।
2. जस्टिस तरलोक सिंह चौहान होंगे झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने की सिफारिश।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज विधि व्यवस्था को लेकर रांची में करेंगे उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक, राज्य के सभी आला अधिकारी होंगे शामिल।
4. राज्य में लागू होगी 'राहवीर' योजना, सड़क दुर्घटना के शिकार व्यक्ति को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक ले जाने वाले को दिया जायेगा 25 हजार रुपये का इनाम।
5. झारखंड राज्य ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग में बोकारो और महिला वर्ग में धनबाद ने खिताब पर जमाया कब्जा।

*****************

झारखंड अधिविद्य परिषद– जैक ने आज 10वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने जैक सभागार में रिजल्ट जारी किया। इस साल परीक्षा में 91 दशमलव सात एक फीसदी विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। इस साल परीक्षा में 4 लाख 31 हजार 488 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 3 लाख 95 हजार 755 छात्र सफल हुए हैं। इस बार कोडरमा, पाकुड़, जामताड़ा, लातेहार और साहिबगंज जिला का बेहतर प्रदर्शन रहा है। इस बार भी लड़कियों का पास प्रतिशत लड़कों के मुकाबले बेहतर रहा है। छात्र जैक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट जैक डॉट झारखंड डॉट गोव डॉट इन पर या डिजिलॉकर पर अपना रिजल्ट देख सकते हैं।

*****************

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को झारखंड हाईकोर्ट का नया मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए जाने की सिफारिश सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने की है। कॉलेजियम की बैठक में झारखंड सहित मध्य प्रदेश, दिल्ली और पटना हाईकोर्ट के लिए भी मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश की गई।

*****************

राज्य की विधि व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। झारखंड मंत्रालय में दोपहर 2 बजे से आयोजित इस बैठक में मुख्य सचिव, गृहसचिव, डीजीपी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में विधि व्यवस्था को लेकर 16 एजेंडों पर समीक्षा की जाएगी।

*****************

राज्य में सरना धर्म कोड को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। कांग्रेस के धरना प्रदर्शन के बाद आज झामुमो की ओर से सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन किया जा रहा है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि सरना धर्मकोड के बिना राज्य में जातीय जनगणना नहीं होने दी जायेगी।

इधर, कांग्रेस पार्टी ने सरना धर्म कोड की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर–मंतर पर प्रदर्शन करने की घोषणा की है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी के. राजू ने कहा है कि कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल इस मसले पर राष्ट्रपति से भी मिलेगा।

*****************

इधर, भाजपा ने कांग्रेस और झामुमो पर सरना धर्म कोड को लेकर जनता को दिग्भ्रमित करने का आरोप लगाया है। पार्टी विधायक सीपी सिंह ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दोनों सत्तारुढ़ दल सरना धर्म कोड पर राजनीति कर रही है।

*****************

झारखंड में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और दुर्घटनाओं के दौरान समय पर सहायता पहुंचाने की केंद्र की पहल के अनुरूप 'राहवीर' योजना लागू की जायेगी। इस योजना को राज्य में शुरू करने की कवायद विभागीय स्तर पर शुरू कर दी गयी है। इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना के शिकार व्यक्ति को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक ले जाने वाले को राज्य सरकार द्वारा 25,000 रुपये का इनाम दिया जाएगा। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के दौरान किए गए आह्वान के बाद लिया गया है, जिसमें उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त की और त्वरित चिकित्सा हस्तक्षेप के महत्व पर जोर दिया।

*****************

देश में बढ़ते कोरोना के मामले को देखते हुए राज्य में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। रांची के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में एहतियाती उपाय तेज कर दिये गये हैं। रिम्स के निदेशक डा. राजकुमार ने कहा है कि कोरोना का नया वेरियेंट ज्यादा खतरनाक नहीं है लेकिन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए रिम्स को पूरी तरह से तैयार रखा गया है। उन्होंने कहा है कि किसी को घबराने की जरुरत नहीं है लेकिन सतर्कता जरुरी है।

*****************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते हुए पूरा राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन करता है। आकाशवाणी का समाचार प्रभाग सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि स्वरूप एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। इसी कडी में आज हम मेजर शैतान सिंह को याद कर रहे हैं, जिन्होंने 1962 के भारत–चीन युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था। इसके लिए सरकार ने उन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया। एक रिपोर्ट –

*****************

बोकारो के चास बाजार को जाम से मुक्त कराने की पहल तेज कर दी गयी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव नवासी हजार तीन सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख चार हजार रुपये प्रति किलो है।

*****************

घरेलू शेयर बाजार सेंसेक्स और निफ्टी आज कमजोर एशियाई संकेतों के बीच मंदी के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में आईटी, ऑटो, वित्तीय सेवाओं और फार्मा क्षेत्र के शेयरों में बिकवाली देखी गई।

सुबह के कारोबार में सेंसेक्स 773 अंक गिरकर 81 हजार चार सौ तीन पर आ गया, जबकि निफ्टी 214 अंक गिरकर 24 हजार 786 पर आ गया।

*****************

मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न इलाकों में एक जून तक बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। 29 और 30 मई को कई हिस्सों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

******************

बोकारो के चंदनक्यारी स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय झारखंड राज्य ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग में बोकारो और महिला वर्ग में धनबाद ने खिताब हासिल किया। पुरुष वर्ग में पूर्वी सिंहभूम दूसरे स्थान पर रहा जबकि महिला वर्ग में बोकारो उपविजेता रहा। पुरुष वर्ग में बोकारो के शिबू सोरेन और महिला वर्ग में गुमला की सुप्रीति कच्छप सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुने गये।

*******समाप्त***********